# शिल्प दीदी महोत्सव

**स्रोत: पी.आई.बी**

हाल ही में केंद्रीय वस्त्र मंत्री ने नई दिल्ली के दिल्ली हाट में**'शिल्प दीदी महोत्सव'** का दौरा किया, जिसमें **शिल्प दीदी कार्यक्रम के माध्यम से महिला कारीगरों (जिन्हें शिल्प दीदी के रूप में जाना जाता है)** को सशक्त बनाने के लिये सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया गया।

- **वस्त्र मंत्रालय के** मार्गदर्शन में **विकास आयुक्त (हस्तशिल्प)** कार्यालय ने 100 दिनों के लिये प्रायोगिक आधार पर **'शिल्प दीदी कार्यक्रम'** शुरू किया है।
    - एक आधारभूत सर्वेक्षण में 23 राज्यों के 72 ज़िलों का प्रतिनिधित्व करने वाली 100 महिला कारीगरों की पहचान की गई, जिन्हें शिल्प दीदी के नाम से जाना जाता है। इस कार्यक्रम में कुल 30 अलग-अलग शिल्प शामिल हैं, जो इस क्षेत्र में विविधता को दर्शाता है।
    - कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य पूरे भारत में महिला कारीगरों के बीच आर्थिक सशक्तीकरण और वित्तीय स्वतंत्रता को बढ़ावा देना है।
    - यह पहल जून, 2024 से ई-प्रशिक्षण के साथ शुरू हुई थी। इसमें**ई-कॉमर्स ऑन-बोर्डिंग, उद्यमिता विकास, नियामक और सोशल मीडिया ऑन-बोर्डिंग तथा विपणन अवसर आदि घटक शामिल हैं।**
- **कारीगरों के उत्थान हेतु पहल:** पीएम विश्वकर्मा योजना, अंबेडकर हस्तशिल्प विकास योजना, मेगा क्लस्टर योजना, राष्ट्रीय हस्तशिल्प विकास कार्यक्रम, व्यापक हस्तशिल्प क्लस्टर विकास योजना **और** एक ज़िला एक उत्पाद।

**और पढ़ें:** पीएम विश्वकर्मा योजना

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/shilp-didi-mahotsav